# मार्केट टोटल अनलॉक : नौलाईपुरा में लग्नसरा की जोरों पर खरीदारी, सराफा में ग्राहकी कम, चांदनीचौक में सड़क पर खड़े होकर खा रहे थे कचौरी, खाने वाले पर 100 रुपए का जुर्माना, रेस्टोरेंट बंद

रतलाम | गुरुवार से मार्केट टोटल अनलॉक हो गया। जुलाई दूसरे सप्ताह तक चलने वाली लग्नसरा के चलते नौलाईपुरा में कपड़े, साड़ी सहित अन्य की जोरों पर खरीदारी हुई। यहां पहले ही दिन सामान्य दिनों की तरह भीड़ दिखाई दी। इसके उलट सराफा बाजार में ग्राहकी कम रही। ज्वेलर्स मनोज शर्मा ने बताया अभी तक प्रतिबंध चल रहा था, इसलिए ग्राहकी बहुत कम हो रही है। उधर चांदनी चौक में छूट का फायदा उठाते हुए होटल वाले ने चाय-नाश्ता सड़क पर भी खिलाना शुरू कर दिया। सुबह 11.30 बजे राउंड पर निकले एसडीएम अभिषेक गेहलोत गुजरे यह देख रुक गए। फटकार लगाकर 100 रुपए जुर्माना वसूला।



यह नजारा है नौलाईपुरा का, जहां गुरुवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की अच्छी ग्राहकी रही। फोटो | पिंटू मेहता

**शहर में घूमती रही टीम-** वहीं गुरुवार से सारी दुकानों को खोलने की छूट मिलने के बाद चारों थाने की टीम भी शहर में घूमती रही। शहर सराय, हाट रोड और चांदनी चौक के तीन रेस्टोरेंट/होटल बंद करवाए। वहीं लोहार रोड पर एक दूध डेयरी पर भी कार्रवाई करते हुए बंद कराने के साथ जुर्माना वसूला। इसके अलावा 32 से ज्यादा लोगों को बिना मास्क पहने पकड़ा और पेनल्टी लगाई।

*छूट इसलिए दी गई है ताकि व्यापारी बारिश के पहले अच्छा कारोबार कर सकें, लेकिन प्रोटोकॉल का पालन तो करना पड़ेगा। वरना संक्रमण भी फैल सकता है। लॉकडाउन तक की नौबत आ सकती है, इसलिए कार्रवाई जारी रहेगी। -*
**अभिषेक गेहलोत**, एसडीएम

दै. भास्कर 11/06/21

# जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम। वर्षा काल में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण जनमानस की सुरक्षा के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा में स्थापित किए गए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412 270 416 है। इसके अलावा अधीक्षक का दूरभाष क्रमांक 07412 270408 भी है। वर्षा काल के दौरान घटित किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना उक्त नंबरों पर दी जा सकती है। प्रभारी अधिकारी प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख श्री रमेशसिंह सिसोदिया के मोबाइल नंबर 93293 08372 पर भी सूचना दी जा सकती है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर कर्तव्य निर्वहन के लिए अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए है जो किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर उपलब्ध सूचना पंजी में जानकारी दर्ज कर कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी को सूचित करेंगे। इसके अलावा जिले के प्रत्येक तहसील में भी आपदा नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालयों में स्थापित किए गए है। नगर निगम रतलाम में भी नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जिसका दूरभाष क्रमांक 07412 270 563 है।

# संपादक की मांग पर सफाई अभियान युद्ध स्तर पर जारी

रतलाम । रतलाम शहर मध्य प्रदेश से अल नजाफत मिनल ईमान के



ईंटरनेशनल सदस्य स्वच्छ भारत अभियान के समयदानी सिपाही जोहर हुसैन सेफी प्रवक्ता ( पत्रकार लीम आरिफ़ प्रत्रकार लियाकत । मुंशी सामाजिक कार्यकर्ता .,शब्बीर छावड़ा भा ज पा नेता , ताहेर नजमी के की मांग पर अथक प्रयासों स से नगर पालिका निगम रतलाम के कमीशनर श्री सोमनाथ झारिया के आदेश निर्देश से जनहितकारी सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है व कई क्षेत्रों में गंदगी का अम्बार लगा रहता था जिसके कारण बीमारियां पनप रही थी । संपादक पत्रकार जौहर हुसैन सैफी ने श्री सोमनाथ झारियां से मांग की थी कि सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जाये । श्री झारिया ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चलाया व नाले नालियों की साफ सफाई करवाई ।

# दो माह तालाबंदी के बाद गुरुवार से गुलजार हुए बाजार





## व्यापारियों और नागरिकों के चेहरों पर कोरोना के साये के बीच मुस्कान नजर आई

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के कारण विगत दो माह से जिले में तालाबंदी रहने के बाद गुरुवार से सारे बाजार खुल गए, जिससे जन-जीवन पटरी पर आना शुरू हो गया है। बाजार में चहल-पहल नजर आने लगी है, लेकिन अभी भी लोगों के चेहरे पर कोरोना का साया बरकरार है, जो समझदार है वह मास्क लगाकर, सामाजिक दूरी का पालन कर रहे है। वह जानते है कि यदि हमने अपने स्वयं की स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इन दोनों चीजों का ध्यान नहीं रखा तो कोरोना संक्रमण की चपेट में आ सकते है, क्योंकि अभी भी कोरोना संक्रमण चलता-फिरता है, जो किसी को भी अपने आगोश में ले सकता है, क्योंकि स्वयं शासन का भी कहना है कि कोरोना अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। लोगों को चाहिए कि वह आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकले, अनावश्यक न घूमे ताकि जो गाड़ी पटरी पर आई है और सारे बाजार खुलने लगे है वह फिर से कहीं लोगों के लिए संकट न खड़ा कर दे।

1 जून को आंशिक तालाबंदी के तहत लेफ्ट-राईट सिस्टम से दुकानें खोली गई थी। उसके बाद गुरुवार से पूरे बाजार को खोल दिया गया है। यह प्रात:10 से शाम को 6 बजे तक खुला रहेगा तथा जनता कर्फ्यू का समय रात 8 से प्रात: 6 बजे तक प्रभावशील रहेगा। शनिवार रात 8 बजे से सोमवार प्रात: 6 बजे तक जनता कर्फ्यू जारी रहेगा।

### व्यापारी भी मास्क व सामाजिक दूरी के लिए प्रेरित कर रहे है

प्रशासन द्वारा छूट दिए जाने से आज बाजार में रौनक नजर आई। वहीं व्यापारियों के चेहरों पर भी मुस्कान थी जो विगत दो माह से नजर नहीं आ रही थी। अब स्वयं व्यापारी भी लोगों को मास्क लगाने के लिए दबाव डाल रहे है, ताकि जो आंशिक प्रतिबंध भी है वह कोरोना पूर्णरूप से नियंत्रित होने के बाद शिथिल हो सके।

### अभी भी प्रतिबंधित है

जिले में खुले एवं बंद स्थानों पर होने वाले सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन में एकत्रित होते है, प्रतिबंधित रहेंगे। जिले में सभी प्रकार के धरना, रैली, प्रदर्शन, जुलूस, ज्ञापन, एकत्रीकरण इत्यादि पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान के ऑफलाइन कक्षाएं पूर्णता बंद रहेगी। ऑनलाइन क्लास चलती रहेगी। सभी शॉपिंग मॉल, स्विमिंग पूल, सिनेमाघर, क्लब, जिम, थिएटर, पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल, ऑडिटोरियम, सभागृह बंद रहेंगे। टीम ग्रुप, खेल गतिविधियां प्रतिबंधित रहेगी।



## टेक होम डिलेवरी सिस्टम लागू

अत्यावश्यक सेवा वाले विभाग इससे मुक्त. अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किए जाएंगे। समस्त लॉजिंग, होटल, रिसोर्ट, केवल आगंतुकों के लिए ही खोल सकेंगे। लॉज, होटल, रिसोर्ट के इन हाउस गेस्ट को ही भोजन सर्व किया जा सकेगा। समस्त रेस्टोरेंट, भोजनालय, मिठाई दुकान एवं अन्य खान-पान की दुकानें केवल टेक से होम डिलेवरी के लिए खुलेगी। दुकान पर खिलाना पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

## निजी बसों को अनुमति रहेगी

सार्वजनिक परिवहन निजी बसों, ट्रेनों के माध्यम से कोविड-19 निर्देशों के अंतर्गत अनुमति रहेगी। बसों में यात्रियों को 1 सीट छोड़कर बैठाया जाएगा। ऑटोरिक्शा में दो सवारी टैक्सी तथा निजी चार पहिया वाहनों में ड्राइवर तथा दो पैसेंजरों को मास्क के साथ यात्रा करने की अनुमति रहेगी। सभी लोक परिवहन के ड्राइवर तथा कंडक्टर का टीकाकरण अनिवार्य होगा। स्ट्रीट फूड चलित खान पान की दुकानें, ठेला, वाहन केवल टेक होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी। संचालक को मास्क, दस्ताने पहनना अनिवार्य होगा।

## साप्ताहिक औसत के आधार पर झोन बनाए जाएंगें

सभी सार्वजनिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा। उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठान के संचालक पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी व संबंधित प्रतिष्ठान को सील किया जाएगा। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालकों व कार्यरत कर्मचारियों फल, सब्जी, खाद्य विक्रेताओं से अपेक्षा की गई है कि 1 सप्ताह में 16 जून तक सभी का वैक्सीनेशन करवाया जाए। यदि निर्धारित समय सीमा उपरांत जिनका वैक्सीनेशन नहीं हुआ है उन्हें फल, सब्जी, खाद्य सामग्री एवं दुकान संचालन किया जाना प्रतिबंधित किया जाएगा। शहर के सभी वार्डो में साप्ताहिक औसत के आधार पर ग्रीन, येलो, रैड, जोन में बांटा जाएगा। जिसमें रैड जोन में आने वाले वालों को कंटेनमेंट एरिया बनाकर उपरोक्त गतिविधियां प्रतिबंधित रहेगी।

रिनोवेशन के लिए टेंडर जारी, बच्चों के वार्ड बनेंगे आकर्षक और आएंगे खिलौने

# तैयारी : नए स्वरूप में नजर आएगा बाल चिकित्सालय

पत्रिका सोशल वैल्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com





रतलाम. बाल चिकित्सालय जल्द ही नए स्वरूप में नजर आने लगेगा। इसके लिए इसका रिनोवेशन किया जाएगा। इसे भी मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा ताकि यहां बच्चों का बेहतर इलाज हो सके। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विगत दिवस बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान यहां की व्यवस्थाओं को सुधारने के उन्होंने निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बाल चिकित्सालय में आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने तथा आवश्यक सुविधाओं का विकास करने के लिए नगर निगम के माध्यम से यहां रिनोवेशन कार्य किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा इस कार्य के लिए 51 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया है। रिनोवेशन कार्य के तहत 70 बेड का एक वार्ड बनाया जाएगा। वार्ड में मरीजों के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त बाल चिकित्सालय भवन में ड्रेनेज, साफ-सफाई व्यवस्था, पुराने हो चुके कक्षों का नवीनीकरण, विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाएगा। बाल चिकित्सालय के मुख्य द्वार को नया बनाया जाएगा। इसके साथ ही बाल चिकित्सालय में आकर्षक पेंटिंग की जाकर इसके बाद वातावरण को बेहतर बनाया जाएगा।

## बच्चों के लिए खिलौने आएंगे

नवीनीकरण व्यवस्थाओं के तहत बाल चिकित्सालय के बाहर बगीचे में बच्चों के लिए खेल के उपकरण भी लगाए जाएंगे। इन सभी व्यवस्थाओं के साथ ही बाल चिकित्सालय में बच्चों के परिजनों के लिए भी प्रतीक्षा स्थल को व्यवस्थित बनाया जाएगा। यह कार्य शीघ्र प्रारंभ हो, इसके निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए बाल चिकित्सालय में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बाल चिकित्सालय के स्वरूप को निखारा जा रहा है।

पत्रिका 11/6/21

### रतलाम में टीका संकट

# जिले में कोविशील्ड और को-वैक्सीन का स्टॉक खत्म

## 18+ अब दूसरे डोज के लिए भटक रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में टीके का संकट बना हुआ है। 18+ के लोग अब तक पहले डोज के लिए परेशान थे, अब दूसरे डोज की परेशानी होने लगी है। कि जिले में को-वैक्सीन का स्टॉक नहीं है। ऐसे में दूसरा टीका लगवाने के लिए लोग केंद्रों पर भटक रहे हैं।



बता दें कि शहर में इस सप्ताह को-वैक्सीन का दूसरा टीका नहीं लग सका है। गुरुवार को जिले में को वैक्सीन का स्टॉक खत्म हो गया।

टीके की कमी से जिले में कोरोना वैक्सीनेशन की रफ्तार सुस्त है। 18+ के 8.15% लोगों को वैक्सीन लग चुकी है, सिर्फ 0.66% लोगों ने दूसरा डोज लगवाया है। मई में 18+ के वैक्सीनेशन की शुरुआत में लोगों को को-वैक्सीन के टीके लगाए थे, वहीं, बीच-बीच में भी केंद्रों पर को-वैक्सीन का डोज दिया था। जब दूसरे टीके की बारी आई तो को-वैक्सीन का स्टॉक खत्म हो गया, नतीजा ये कि दूसरा टीका लगवाने के लिए लोग चिंतित हैं, वहीं कई लोग एक केंद्र से दूसरे केंद्र पर टीके की आस में भटक रहे हैं। इधर, जिले में कुल 2.34 लाख लोगों को वैक्सीन लग चुकी है।

### जिले में किस वर्ग में कितना टीकाकरण

| वर्ग | पहला डोज% | दूसरा डोज% |
|---|---|---|
| हेल्थ वर्कर | 92.75 | 72.17 |
| फ्रंटलाइन | 100 | 61.01 |
| 18+ | 8.15 | 0.66 |
| 45+ | 29.49 | 11.17 |
| 60+ | 37 | 31.85 |

### को-वैक्सीन : रविवार को आखिरी 163 टीके लगे थे

जिले में रविवार को को-वैक्सीन के आखिरी 163 टीके लगे थे। सोमवार से संकट आ गया। को-वैक्सीन का एक भी टीका नहीं लग सका है। जिले में 28903 लोगों को कोवैक्सीन का डोज लग चुका है। इस सप्ताह 18735 लोगों को कोविशील्ड के टीके लगे हैं।

### केंद्र पर नोटिस तक नहीं

- बुधवार को गुलाब चक्कर गए थे, केंद्र पर टीका नहीं लगाने का कहा। इस बारे में कोई नोटिस नहीं लगाया है। परेशानी हो रही है।
शेल दीक्षित, प्रताप नगर

- को-वैक्सीन के दूसरे डोज के लिए इंतजार कर रहे हैं। मुश्किल से स्लॉट बुक कर पहला टीका लगवाया था। दोनों बार परेशानी है. व्यवस्था सुधरना चाहिए।
राकेश निगम, सैलाना रोड

दै. भास्कर 11/6/21

# वैक्सीन खत्म होने से रोका टीकाकरण आज भी नहीं होगा

रतलाम। जिले में कोरोना वैक्सीन खत्म होने से गुरुवार को वैक्सीनेशन रोकना पड़ा। केंद्रों पर पंजीयन के बाद भी लोग टीकाकरण से वंचित रहे। मात्र तीन सौ लोगों को टीका लग पाया। सुबह केंद्रों पर पहुंचने के बाद काफी देर इंतजार करने के बाद लोग वापस लौटे। कलेक्टोरेट केंद्र पर भी यही हाल रहा। मालूम हो कि जिले में वर्तमान में औसतन दस हजार टीके प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। इस मान से एक सप्ताह के लिए एक लाख डोज की मांग की गई है, लेकिन गुरुवार देर रात तक स्वास्थ्य विभाग से सप्लाई को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शुक्रवार को टीकाकरण नहीं होगा। तीन दिन से टीकों की कमी थी। जब तक वैक्सीन नहीं मिलती टीकाकरण स्थगित रहेगा।

**अब तक 234173 टीके लगे :** जिले में बुधवार तक 234173 टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें से 35720 लोग दूसरा टीका पूर्ण कर चुके हैं। 13147 डोज हेल्थ केयर वर्कर, 14085 डोज फ्रंटलाइन वर्कर, 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 58787 डो, 45 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को 80116 डो, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगो को 68038 डो लगाए जा चुके हैं।

अहिंसा

**शहर के बड़े 6 नालों की सफाई का कार्य जारी**

# शहर में युद्ध स्तर पर चल रही नाले-नालियों की सफाई



## सफाई के बाद किया जा रहा है कीटनाशक दवा का छिड़काव

रतलाम. मानसून आने के पहले शहर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाये का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देश के बाद निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नालों की सफाई के बाद कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है।

निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अलकापुरी गांधी स्कूल के पीछे, शास्त्री नगर, सागोद रोड चम्पा विहार के पास, त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड, चौमुखी पुल व लक्कड़पीठा नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्रॉली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई के बाद नालों व नालियों में केसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। इसके अलावा जिला चिकित्सालय की बावड़ी की सफाई का कार्य करवाया गया।

पत्रिका 11/6/21

# बाल चिकित्सालय नए स्वरूप में आएगा रिनोवेशन के लिए टेंडर जारी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

बाल चिकित्सालय रतलाम का रिनोवेशन किया जाएगा। इसे सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा ताकि यहां बच्चों का बेहतर इलाज हो सके। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विगत दिवस बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान यहां की व्यवस्थाओं को सुधारने के उन्होंने निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में बाल चिकित्सालय में आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने तथा आवश्यक सुविधाओं का विकास करने के लिए नगर निगम के माध्यम से यहां रिनोवेशन कार्य किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इस कार्य के लिए 51 लाख रूपए का टेंडर जारी कर दिया गया है। रिनोवेशन कार्य के तहत 70 बेड का एक वार्ड बनाया जाएगा। वार्ड में मरीजों के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त बाल चिकित्सालय भवन में ड्रेनेज, साफ-सफाई व्यवस्था, पुराने हो चुके कक्षों का नवीनीकरण, विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाएगा।

बाल चिकित्सालय के मुख्य द्वार को नया बनाया जाएगा। इसके साथ ही बाल चिकित्सालय में आकर्षक पेंटिंग की जाकर इसके बाद वातावरण को बेहतर बनाया जाएगा। नवीनीकरण व्यवस्थाओं के तहत बाल चिकित्सालय के बाहर बगीचे में बच्चों के लिए खेल के उपकरण भी लगाए जाएंगे। इन सभी व्यवस्थाओं के साथ ही बाल चिकित्सालय में बच्चों के परिजनों के लिए भी प्रतीक्षा स्थल को व्यवस्थित बनाया जाएगा। यह कार्य शीघ्र प्रारंभ हो, इसके निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम दिए हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए बाल चिकित्सालय में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। रिनोवेशन कार्य के माध्यम से बाल चिकित्सालय के स्वरूप को निखारा जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों के उपचार की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

**जिले में अब तक 234173 कोविड-19 के टीके लगाए गए-** रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में अब तक 234173 कोविड-19 के टीके लगाए जा चुके हैं। इसमें से 35720 लोग दूसरा टीका पूर्ण कर चुके हैं। 13147 डोज हेल्थ केअर वर्कर्स, 14085 डोज फ्रंट लाइन वर्कर, 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 58787 डोज, 45 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को 80116 डोज, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 68038 डोज लगाए जा चुके हैं।

प्रसारण 11/6/21

# बाल चिकित्सालय नए स्वरूप म आएगा, रिनोवेशन के टेंडर जारी

रतलाम। बाल चिकित्सालय रतलाम का रिनोवेशन किया जाएगा। इसे सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा ताकि यहां बच्चों का बेहतर इलाज हो सके। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विगत दिवस बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान यहां की व्यवस्थाओं को सुधारने के उन्होंने निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बाल चिकित्सालय में आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने तथा आवश्यक सुविधाओं का विकास करने के लिए नगर निगम के माध्यम से यहां रिनोवेशन कार्य किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इस कार्य के लिए 51 लाख रूपए का टेंडर जारी कर दिया गया है। रिनोवेशन कार्य के तहत 70 बेड का एक वार्ड बनाया जाएगा। वार्ड में मरीजों के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त बाल चिकित्सालय भवन में ड्रेनेज, साफ-सफाई व्यवस्था, पुराने हो चुके कक्षों का नवीनीकरण, विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाएगा। बाल चिकित्सालय के मुख्य द्वार को नया बनाया जाएगा। इसके साथ ही बाल चिकित्सालय में आकर्षक पेंटिंग की जाकर इसके बाद वातावरण को बेहतर बनाया जाएगा। नवीनीकरण व्यवस्थाओं के तहत बाल चिकित्सालय के बाहर बगीचे में बच्चों के लिए खेल के उपकरण भी लगाए जाएंगे। इन सभी व्यवस्थाओं के साथ ही बाल चिकित्सालय में बच्चों के परिजनों के लिए भी प्रतीक्षा स्थल को व्यवस्थित बनाया जाएगा।

नगर निगम पहुंच ज्ञापन सौंपा

# पेड़ों के काटने का प्रबल वेलफेयर सोसायटी ने किया विरोध



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. राम मंदिर के आगे गुजरात स्वीटस से बीमा हास्पीटल रोड पर लगे वर्षों पुराने पेड़ों को नगर निगम द्वारा काटे जाने की प्रक्रिया किए जाने का प्रबल वेलफेयरसोसायटी के सदस्यों ने कड़ा ऐतराज जताया है।

सोसायटी की अदिति दवेसर ने बताया निगम द्वारा हरे वृक्ष काटे जाने का प्रयास किया जा रहा है। ये पेड़ काफी पुराने लगे हुए थे जो निरन्तर क्षेत्र की खुबसूरती बनाए हुए हैं। जिम्मेदारों द्वारा विकास के नाम पर कटवाए जाने का प्रयास किया जा रहा है, जो क्षेत्र में पर्यावरण के लिये दुखदायी है। वर्तमान में कोविड -19 की दूसरी लहर में आक्सीजन की कमी का प्रमाण देख चुके है और उसके बाद भी हम सबक लेने को तैयार नहीं हो रहे है। सोसायटी के सदस्य पेड़ों को काटे जाने के विरोध में दोपहर में ही नगर निगम पहुंचे और सिटी इंजीनियर एससी व्यास को पेड़ों की कटाई नहीं करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

पत्रिका 11/6/21

# पेड़ों के नहीं काटने को लेकर ज्ञापन दिया



रतलाम | मिनी स्मार्ट सिटी में सड़क चौड़ीकरण के लिए गुजरात स्वीट्स से लेकर बीमा अस्पताल तक 31 पेड़ों को हटाया जाना है। वहीं पेड़ों को बचाने प्रबल वेलफेयर सोसायटी मिशन ऑक्सीजन चला रखा है। उसी के तहत गुरुवार को संस्था की अदिति दवेसर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और नगर निगम सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास को ज्ञापन देकर पेड़ों को नहीं काटने की मांग की। ज्ञापन में संस्था ने आवश्यक होने पर ट्रांसप्लांट की मांग की है। अशेष अग्निहोत्री, विपिन शर्मा, कमलेश दाधीच, हर्ष पटवा, प्रकाश लोढ़, रिंकू पाटीदार, प्रशांत ग्वालियरी आदि उपस्थित रहे।

दै. भास्कर 11/6/21

# शहर के 31 वृक्षों को बचाने के लिए सौंपा ज्ञापन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रबल वेलफेयर सोसायटी द्वारा वृक्षों को बचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मिशन आक्सीजन के सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को राम मंदिर से गुजरात स्वीट्स से बीमा अस्पताल तक स्थित 31 वृक्षों को बचाने के लिए नगर निगम पहुंचकर वृक्ष अधिकारी सुरेशचंद्र व्यास को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि उक्त वृक्षों की कटाई न कर उन्हें अन्य स्थानों पर ट्रांसप्लांट किया जाए। सदस्यों ने कलेक्टर से भी वृक्षों को बचाने की अपील की है। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेत्री एडवोकेट अदिति दवेसर, अशेष अग्निहोत्री, विपिन शर्मा, कमलेश दाधिच, प्रकाश लोढ़ा, रिंकू पाटीदार, एडवोकेट प्रशांत ग्वालियरी उपस्थित थे।

नईदुनिया 11/6/21

# बड़ी राहत : 32 दिन बाद 398 से घटकर छह पर पहुंचे पाजिटिव केस

## जिला टोटल अनलाक ● कोरोना से बचाव के लिए अभी भी सतर्कता बरतना जरूरी


**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना काल में जिले में अब तक के सर्वाधिक 398 नए पाजिटिव केस के 32 दिनों बाद मात्र छह नए केस सामने आए हैं। गुरुवार से जिला भी पूरी तरह अनलाक हो गया है। सभी गतिविधियां प्रारंभ हो गई हैं। लगातार नए पाजिटिव केस की संख्या घट रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अस्पतालों में 90 फीसद बेड खाली हो गए हैं। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार लाकडाउन भले ही खत्म हो गया है, लेकिन कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी भी सतर्कता और सावधानी जरूरी है।

जिले में अप्रैल और मई 2021 में कोरोना संक्रमण की दर पूरे चरम पर रही। मई के पहले दिन से 300 से अधिक नए पाजिटिव केस सामने आए और संख्या लगातार बढ़ते हुए 400 के करीब पहुंच गई। आठ मई को एक दिन में अब तक के सर्वाधिक 398 नए पाजिटिव सामने आए थे। इससे जिलेवासियों सहित शासन-प्रशासन की चिंता बढ़ गई थी। जून माह से स्थिति काफी नियंत्रण में है। जून के नौ दिनों में 122 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 560 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है।

**सात दिन में एक भी मौत नहीं :** कोरोना काल में जून माह में जिलेवासी काफी राहत महसूस कर रहे हैं। बीते सात दिनों में एक भी मौत नहीं हुई। जून के पहले दो दिन में केवल तीन मौतें हुई हैं। इसके बाद से मौत का सिलसिला थमा हुआ है।

**मेडिकल कालेज में 498 बेड खाली :** शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से गुरुवार को 16 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 10 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 36 में से 21 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 12 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 14 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से पांच पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 52 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 30 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 498 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5933, करंट स्टाक 90 है। नईदुनिया


### जून माह में संक्रमण




### जून के दसवें दिन सात नए पाजिटिव

जून माह के 10वें दिन सात नए पाजिटिव केस सामने आए। 34 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 282 है। जिले में अब तक 17431 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16841 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 है।

### मई माह में संक्रमण






मेरी तो जनता से यही अपील है की मास्क अवश्य लगाएं। दो गज की दूरी बनाकर रखें। जान है तो जहान है। कोरोना के टीके अवश्य लगवाएं। अनावश्यक घरों से बाहर नहीं निकलें। शासन-प्रशासन के नियमों का पालन कर सहयोग प्रदान करें। **- उत्तम पोखरना**, केमिस्ट, जावरा



यदि देश में संक्रमण की तीसरी लहर को रोकना है तो दो बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। एक तो जल्द से जल्द देश में सभी लोगों का टीकाकरण हो व दूसरा मास्क पहनने और शारीरिक दूरी के नियम का कड़ाई से पालन किया जाए। **- मंजुला चत्तर**, गृहिणी, जावरा



वर्तमान में अनलाक की परिस्थितियों में दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का पूर्ण रूप से सभी को पालन करना चाहिए। सतर्कता व सावधानियां रखें। बचाव के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों से दूर रहें। अपनी बारी आने पर टीकाकरण अवश्य करवाएं। **- निर्मला अरोड़ा**, गृहिणी, जावरा



कोरोना महामारी रोकने के लिए सभी को मिलकर लड़ना होगा। इसके लिए कोविड-19 नियमों का पालन करें। शारीरिक दूरी बनाए रखें। मास्क जरूर पहनें। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। भीड़भाड़ वाले इलाकों में बिल्कुल नहीं जाएं। **-शशि शर्मा**, गृहिणी, जावरा



यह सुकून देने वाली खबर है कि कोरोना के केस अब कम होने लगे हैं। धीरे-धीरे अनलाक भी होने लगा है। हम सभी की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि एकदम बाजारों में भीड़ न लगाएं। मुंह व नाक को मास्क से पूरी तरह से ढकें। प्रतिदिन योग करें। **- मनीषा कोकरिया**, गृहिणी, जावरा



अगर कोरोना संक्रमण से बचना है तो जीवन में हमेशा तीन मंत्र याद रखना चाहिए। पहला घर से निकलते वक्त मास्क जरूरी लगाएं। दूसरा दो गज की दूरी का पालन और तीसरा हाथों को सैनिटाइज करना जरूरी है। **- श्याम खरे**, पहलवान, आलोट

नईदुनिया 11/6/21

# कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने संवाद को बनाया प्रमुख


## काउंसलर की भूमिका निभाई मुख्यमंत्री श्री चौहान ने

प्रसारण न्यूज ◆ भोपाल

महामारी के दौर में प्रदेश में ही नहीं देश में भी फिजिकल डिस्टेंस संक्रमण की चेन तोड़ने का प्रमुख आधार थी तब मध्यप्रदेश में संवाद के जरिये कोरोना महामारी के संक्रमण की चेन को तोड़ने का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो गज की दूरी-मास्क है जरूरी, मास्क नहीं-तो सामान नहीं, मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा जैसे प्रभावशाली संदेश के साथ कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने सभी वर्गों से संवाद को प्रमुख अस्त्र बनाया। यह भी सही है कि परिवार का मुखिया हो या प्रदेश का मुखिया वह अपने आचरण से ही दूसरों को प्रेरित कर सकता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस कसौटी पर भी अपने को खरा उतारा। समाज का शायद ही ऐसा कोई वर्ग छूटा हो जिनसे मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संवाद न किया हो। उन्होंने सर्वप्रथम स्वास्थ्य आग्रह के माध्यम से प्रदेश की जनता को यह संदेश दिया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये शासन-प्रशासन के साथ आमजन की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनता को जागरूक करने के लिये सीधा संवाद कर कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताये। संचार की आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और सोशल मीडिया के द्वारा वर्चुअली कार्यक्रम आयोजित कर अधिकांश वर्गों से संवाद का क्रम बनाये रखा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संवाद का जो क्रम अप्रैल माह से शुरू किया उसमें सांसद, विधायक, शहरी क्षेत्र में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद, ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों के जन-प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों, धर्म गुरुओं, समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, व्यापारियों, शहरी एवं ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स, किसान भाइयों, संबल योजना के हितग्राहियों, तेंदूपत्ता संग्राहक, विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा और भारिया की महिलाओं, जिला-तहसील और ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट के समूहों, म.प्र. जन-अभियान परिषद के जिला समन्वयकों और मैदानी अमले के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वेच्छा से कोरोना वॉलेंटियर्स बने कार्यकर्ताओं से संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये प्रभावी और प्रेरक संवाद किया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान की इस मुहिम की खूबी यह भी रही कि उन्होंने न केवल संवाद के दौरान कोरोना की दूसरी लहर की विभीषिका से अवगत करवाया, बल्कि एक सजग अभिभावक और परिवार के बड़े बुजुर्ग के रूप में महामारी से बचाव के लिये प्रेरित भी किया। इस तरह से उन्होंने महामारी से लोगों को डराया नहीं। उन्होंने बचाव के लिये न केवल लोगों को तैयार किया बल्कि उन्हें बचाव के तरीके भी उन्हीं की उनकी भाषा में समझाये। इसी का नतीजा था कि मध्यप्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर पर उम्मीद से काफी पहले काबू पाने में सरकार सफल रही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने राजनैतिक कार्यक्रमों को तो स्थगित किया ही साथ ही अधिकांश प्रशासनिक कवायद भी उन्होंने वर्चुअली ही की। इस तरह कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करने के उद्देश्य से वर्चुअली काम काज को प्रमुखता देने की प्रेरणा भी मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने कार्यों के जरिये प्रदेशवासियों खासतौर से शासन-प्रशासन के लोगों और समाज के विभिन्न वर्गों को देने में सफल रहे हैं।

अप्रैल और मई 2021 की पूरी अवधि इस बात की गवाह है कि प्रदेश में सारे प्रशासनिक काम बदस्तूर सीमित अमले के साथ जारी रहे। टोटल लॉकडाउन की जगह पर कोरोना कर्फ्यू जैसी नई और कारगर व्यवस्था मध्यप्रदेश में लागू रही। इस व्यवस्था का उजला पहलू यह रहा कि यह कर्फ्यू सरकार द्वारा थोपा हुआ नहीं होकर जन-स्फूर्त या यूं कहें कि स्व-स्फूर्त था। [illegible]
तुलना में कोरोन[illegible]
ज्यादा उपयोगी [illegible]
कर्फ्यू ने महामा[illegible]
अपनी भूमिका अ[illegible]
राज्य, जिला, गां[illegible]
बनी क्राइसिस मै[illegible]
कोरोना की दूसरी [illegible]
भूमिका और बढ़-[illegible]
के साथ समाज के [illegible]
तक उदाहरण बने [illegible]
मुख्यमंत्री शिवराज [illegible]
रणनीति ने मध्यप्र[illegible]
दिलाने में अहम रो[illegible]
ग्रामीण क्षेत्रों में जि[illegible]
संक्रमण की चेन को [illegible]
की वह पूरे देश में सु[illegible]
प्रान्तों ने इसे अपना[illegible]
सराहना भी की है।

प्रसारण 11/6/21

# जुलाई से कर्मचारियों को मिल सकती है वेतनवृद्धि

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। शिवराज सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े लंबित मामलों पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। प्रदेश के लगभग सात लाख कर्मचारियों को वार्षिक वेतनवृद्धि जुलाई 2021 से मिल सकती है। वित्त विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। हालांकि, वर्ष 2020 की वेतनवृद्धि का एरियर कैसे दिया जाएगा, यह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तय करेंगे। कोरोना संकट की वजह से सरकार ने पिछले साल वेतनवृद्धि रोक ली थी, पर यह वादा किया था कि स्थिति सामान्य होते ही इसका लाभ दिया जाएगा। महंगाई भत्ते को लेकर केंद्र सरकार का रुख देखकर निर्णय लिया जाएगा।

प्रदेश में कोरोना की पहली लहर से प्रभावित अर्थव्यवस्था को देखते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि के भुगतान पर रोक लगा दी गई थी। नईदुनिया।

नईदुनिया 11/6/21

# सूर्यास्त के पश्चात उचित मूल्य दुकान पर परिवहनकर्ता वाहन सामग्री नहीं प्रदाय करेगा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले में उचित मूल्य दुकानों पर जिन वाहनों द्वारा राशन सामग्री प्रदाय की जाती है, वे वाहन सूर्यास्त पश्चात सामग्री दुकान को प्रदाय नहीं करेंगे।

जारी आदेश के अनुसार किसी कारणवश वेयरहाउस में गाड़ी भरने में विलंब हुआ है, तो भरे हुए वाहन को वेयर हाउस परिसर में ही खड़ा रखा जाएगा तथा वह वाहन अगले दिन राशन प्रदाय करने के लिए रवाना होगा। यदि राशन सामग्री वितरण करते समय सूर्यास्त हो जाता है, तो राशन सामग्री से भरे वाहन को ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद, तहसील, एस डी एम कार्यालय अथवा थाना परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से खड़ा किया जाएगा। परिवहनकर्ता द्वारा राशन से भरे शासकीय वाहन को परिसर में खड़े रखने की सूचना व्हाट्सएप या दूरभाष पर संबंधित एस डी एम, तहसीलदार, जिला प्रबंधक सिविल सप्लाई अथवा आपूर्ति अधिकारी को अनिवार्य रूप से दी जाएगी।

ज्ञातव्य है कि शासन के निर्देशानुसार राशन सामग्री उचित मूल्य दुकानों पर सतर्कता समिति के समक्ष से ही खाली करवाई जाना है। विगत दिनों सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंध परिवहनकर्ताओं द्वारा की गई खाद्यान की अफरा तफरी के संबंध में त्रुटिकर्ता, परिवहनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है तथा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# राशन का सामान बाजार में बेचने पर पात्रता पर्ची निरस्त होगी

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आदेश जारी कर कहा है कि यदि कोई हितग्राही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त राशन बाजार में बेचते पाया जाता है, तो संबंधित हितग्राही का राशनकार्ड अथवा पात्रता पर्ची निरस्त की जाएगी तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाई की जाएगी।

इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों, गरीब, बेघर, बेसहारा हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों से रियायती दर पर निःशुल्क राशन प्राप्त हो रहा है। ऐसे हितग्राही अपना राशन (गेहूं /चावल) किसी भी किराना दुकान पर या किसी व्यक्ति को या किसी व्यापारी को नहीं बेचे। राशन दुकान का खाद्यान्न क्रय करने वाले व्यक्तियों, व्यापारियों के विरुद्ध भी मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की धारा 13 (2) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है।

# सूर्यास्त बाद उचित मूल्य दुकान पर परिवहनकर्ता सामग्री नहीं देगा

रतलाम. जिले में उचित मूल्य दुकानों पर जिन वाहनों द्वारा राशन सामग्री प्रदाय की जाती है वे वाहन सूर्यास्त के बाद सामग्री दुकान को प्रदाय नहीं करेंगे। जारी आदेश के अनुसार किसी कारणवश वेयर हाउस में गाड़ी भरने में विलंब हुआ है तो भरे हुए वाहन को वेयर हाउस परिसर में ही खड़ा रखा जाएगा तथा वह वाहन अगले दिन राशन प्रदाय करने के लिए रवाना होगा। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जारी किए हैं।

यदि राशन सामग्री वितरण करते समय सूर्यास्त हो जाता है तो राशन सामग्री से भरे वाहन को ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद, तहसील, एसडीएम कार्यालय अथवा थाना परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से खड़ा किया जाएगा। परिवहनकर्ता द्वारा राशन से भरे शासकीय वाहन को परिसर में खड़े रखने की सूचना व्हाट्सएप या दूरभाष पर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, जिला प्रबंधक सिविल सप्लाई अथवा आपूर्ति अधिकारी को अनिवार्य रूप से दी जाएगी।

# राशन खुले बाजार में बेचा तो पात्रता पर्ची निरस्त होगी

रतलाम | सरकारी उचित मूल्य की दुकानों से दिया हुआ राशन बाजार में बेचने पर संबंधित हितग्राही का राशन कार्ड और पात्रता पर्ची निरस्त कर दी जाएगी। साथ ही उसके खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी होगी। खरीदने वाले व्यक्ति पर भी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए हैं। इतना ही नहीं अब सूर्यास्त के बाद राशन दुकान को सामग्री नहीं दी जाएगी। अगर किसी कारण से वेयर हाउस में गाड़ी लोड होने में देरी हुई तो भरे हुए वाहन वेयर हाउस परिसर में ही खड़ा रखा जाएगा। सामग्री अगले दिन दुकान तक पहुंचाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे भरे हुए वाहन को ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद, तहसील, एसडीएम कार्यालय अथवा थाना परिसर में खड़े किए जाएंगे।

# राशन का सामान बाजार में बेचने पर पात्रता पर्ची निरस्त

रतलाम. यदि कोई हितग्राही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त राशन बाजार में बेचते पाया जाता है तो संबंधित हितग्राही का राशनकार्ड अथवा पात्रता पर्ची निरस्त की जाएगी तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जारी किए हैं। पात्र हितग्राहियों, गरीब, बेघर, बेसहारा हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों से रियायती दर पर निःशुल्क राशन प्राप्त हो रहा है। हितग्राही राशन किसी व्यक्ति को या किसी व्यापारी को नहीं बेचे।

## स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य की वेतन वृद्धि रोकी

# मस्टरकर्मी को बगैर मंजूरी रखने के मामले में कर्मचारी बर्खास्त

खबर का असर



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



रतलाम. नगर निगम में बगैर मंजूरी मस्टर पर कर्मचारियों को रखने के मामले में स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य की एक वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय लिया गया है। इस बारे में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि पत्रिका ने ही इस बारे में समाचार प्रकाशित किया था कि बगैर मंजूरी के कर्मचारी रखे गए हैं।

नगर निगम के विभिन्न विभागों में नस्तियां लंबित रखने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दण्डात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। निगम के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत् मस्टरकर्मियों की समय पर स्वीकृति प्राप्त नहीं करने व वेतन भुगतान हेतु माह के प्रथम सप्ताह में भुगतान की कार्यवाही नहीं करने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व सहायक वर्ग-3 राजेन्द्रसिंह गेहलोत की एक-एक वेतनवृद्धि तुरंत प्रभाव से रोकी गई है। इसके अलावा मस्टरकर्मियों के वेतन भुगतान की नस्ती लंबित रखने में भूमिका निभाने वाले नन्दकिशोर भूमक स्थायीकर्मी व धर्मेन्द्र चौहान दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## पत्रिका ने उठाया था मामला

बता दें कि पत्रिका ने ही सबसे पहले इस मामले को उठाया था कि दैनिक भोगी वेतन कर्मचारी धर्मेंद्र चौहान ने अपने पुत्र सहित अन्य को बगैर मंजूरी के काम पर रख लिया। बड़ी बात यह की इस मामले में निगम आयुक्त झारिया से मंजूरी तक नहीं ली गई। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर चौहान का वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें वो रुपए की मांग कर्मचारियों से तरणताल पर बैठकर कर रहा था। जब नियुक्ती के मामले की गड़बड़ी की खबर पत्रिका में प्रकाशित हुई तो हड़कंप मच गया व निगम आयुक्त झारिया ने स्वयं पूरे मामले की जांच की। इसके बाद कार्रवाई करते हुए अधिकारी का वेतन वृद्धि रोका गया व कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया गया।

## जांच के बाद निर्णय

पत्रिका ने कर्मचारियों को बगैर मंजूरी के काम पर रखने के विषय का समाचार प्रकाशित किया था। पूरे मामले की जांच स्वयं ने की, व इसके बाद दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका। 11/6/21

कर्मचारियों की संख्या की असमानता सामने आई

# शहर के 49 वार्डों में लगे वार्ड के कर्मचारियों की जानकारी के होर्डिंग

रतलाम. शहर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी के फ्लेक्स होर्डिंग सभी 49 वार्डों में निगम ने लगाए है। अब सफाई कर्मचारियों की असमानता सामने आ गई है। किसी वार्ड में 27 तो किसी वार्ड में 12 कर्मचारी ही काम कर रहे है।

बता दे कि हाल ही में नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए थे कि स्वास्थ्य विभाग के कितने कर्मचारी काम कर रहे है जानकारी सार्वजनिक होना चाहिए। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी किए थे कि स्वास्थ्य विभाग सूची 8 जून तक हर वार्ड में लगवाए। हालांकि कई वार्ड ऐसे है, इस प्रकार के होर्डिंग नहीं लग पाए है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का कहना है आगामी दिन में लगाया जाएगा।



## यह है गड़बड़ी इसमें

वार्ड नंबर 3 व 13 में 27-27 कर्मचारी काम कर रहे है, लेकिन इन वार्ड के करीब 1 में मात्र 12 कर्मचारी ही काम कर रहे है। इसी प्रकार की स्थिति वार्ड नंबर दो में भी है। वार्ड बड़ा होने के बाद भी कर्मचारियों की संख्या कम है। इतना ही नहीं, शहर में हर जगह होर्डिंग लगवाने का दावा कर रही वार्ड नंबर 39, 40 में इस प्रकार के होर्डिंग प्रमुख चौराहे पैलेस रोड, राजमहल क्षेत्र, सूरजपोल आदि क्षेत्र में नहीं लगवा पाया है।

सभी 49 वार्डो में वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग लगवा दिये गये है ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका 11/6/21

# ना संक्रमण की चेन को तोड़ने संवाद को बनाया प्रमुख अस्त्र

## काउंसलर की भूमिका निभाई मुख्यमंत्री श्री चौहान ने

भोपाल

नहीं देश में भी
ी चेन तोड़ने का
 में संवाद के जरिये
की चेन को तोड़ने का
ा। मुख्यमंत्री
की दूरी–मास्क है
न नहीं, मेरा मास्क–
ंदेश के साथ कोरोना
भी वर्गों से संवाद को
ही है कि परिवार का
ा वह अपने आचरण
ता है।
चोटी पर भी अपने
ायद ही ऐसा कोई वर्ग
ौहान ने संवाद न
ास्य आग्रह के
यह संदेश दिया कि

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये शासन–प्रशासन के साथ आमजन की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनता को जागरूक करने के लिये सीधा संवाद कर कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताये। संचार की आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और सोशल मीडिया के द्वारा वर्चुअली कार्यक्रम आयोजित कर अधिकांश वर्गों से संवाद का क्रम बनाये रखा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संवाद का जो क्रम अप्रैल माह से शुरू किया उसमें सांसद, विधायक, शहरी क्षेत्र में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद, ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों के जन–प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, महिला स्व–सहायता समूह के सदस्यों, धर्म गुरुओं, समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, व्यापारियों, शहरी एवं ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स, किसान भाइयों, संबल योजना के हितग्राहियों, तेंदूपत्ता संग्राहक, विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा और भारिया की महिलाओं, जिला–तहसील और ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट के समूहों, म.प्र. जन–अभियान परिषद के जिला समन्वयकों और मैदानी अमले के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वेच्छा से कोरोना वॉलेंटियर्स बने कार्यकर्ताओं से संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये प्रभावी और प्रेरक संवाद किया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान की इस मुहिम की खूबी यह भी रही कि उन्होंने न केवल संवाद के दौरान कोरोना की दूसरी लहर की विभीषिका से अवगत करवाया, बल्कि एक सजग अभिभावक और परिवार के बड़े बुजुर्ग के रूप में महामारी से बचाव के लिये प्रेरित भी किया। इस तरह से उन्होंने महामारी से लोगों को डराया नहीं। उन्होंने बचाव के लिये न केवल लोगों को तैयार किया बल्कि उन्हें बचाव के तरीके भी उन्हीं की उनकी भाषा में समझाये। इसी का नतीजा था कि मध्यप्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर पर उम्मीद से काफी पहले काबू पाने में सरकार सफल रही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने राजनैतिक कार्यक्रमों को तो स्थगित किया ही साथ ही अधिकांश प्रशासनिक कवायद भी उन्होंने वर्चुअली ही की। इस तरह कोविड एप्रोपिएट बिहेवियर का पालन करने के उद्देश्य से वर्चुअली काम काज को प्रमुखता देने की प्रेरणा भी मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने कार्यों के जरिये प्रदेशवासियों खासतौर से शासन–प्रशासन के लोगों और समाज के विभिन्न वर्गों को देने में सफल रहे हैं।

अप्रैल और मई 2021 की पूरी अवधि इस बात की गवाह है कि प्रदेश में सारे प्रशासनिक काम बदस्तूर सीमित अमले के साथ जारी रहे। टोटल लॉकडाउन की जगह पर कोरोना कर्फ्यू जैसी नई और कारगर व्यवस्था मध्यप्रदेश में लागू रही। इस व्यवस्था का उजला पहलू यह रहा कि यह कर्फ्यू सरकार द्वारा थोपा हुआ नहीं होकर जन–स्फूर्त या यूं कहें कि स्व–स्फूर्त था। यही कारण रहा कि लॉकडाउन की तुलना में कोरोना कर्फ्यू महामारी की लड़ाई में ज्यादा उपयोगी और परिणामकारी रहा। कोरोना कर्फ्यू ने महामारी से प्रदेश की लड़ाई में लोगों को अपनी भूमिका अदा करने का मौका भी दिया। राज्य, जिला, गांव और छोटे नगरों में वार्ड स्तर पर बनी क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियाँ और उनके द्वारा कोरोना की दूसरी लहर के नियंत्रण में निभाई गई भूमिका और बढ़–चढ़ कर किये गये कार्य, सरकार के साथ समाज के खड़े होने के आने वाले कई वर्षों तक उदाहरण बने रहेंगे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन–भागीदारी रणनीति ने मध्यप्रदेश को कोरोना संक्रमण से मुक्ति दिलाने में अहम रोल अदा किया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से लोगों ने कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में भागीदारी सुनिश्चित की वह पूरे देश में सुर्खियों में रही। यहाँ तक कि कई प्रान्तों ने इसे अपनाया भी है और केन्द्र सरकार ने सराहना भी की है।

प्रसारण 11/6/21

# बदला मौसम

# 5 साल में सबसे जल्द मानसून आने के बन रहे आसार, 20 से 21 जून तक रतलाम में हो सकती है दस्तक

भास्कर संवाददाता | रतलाम

महाराष्ट्र से होकर गुरुवार को मानसून ने मध्यप्रदेश में एंट्री कर ली है। इस साल मानसून अपने तय समय से जल्दी पहुंचा है। इधर मौसम वैज्ञानिक इस चाल को देखते हुए हमारे शहर में भी मानसून के जल्द आने की बात कह रहे हैं। उनके मुताबिक आगामी 10 दिन में रतलाम तक मानसून आ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो इस बार 5 साल में सबसे जल्द मानसून आएगा।

ट्रेंड के मुताबिक 23 जून के आसपास मानसून की दस्तक हो जाती है। अभी मानसून हमसे दूर है लेकिन शहर में गुरुवार को कभी धूप तो कभी बादल छाए। सुबह घने बादल होने से बारिश होने के आसार भी बने थे लेकिन नहीं हुई।

## मध्यप्रदेश में पहुंच चुका है मानसून, रतलाम से अभी दूर... लेकिन प्री-मानसून एक्टिविटी तेज



नगर निगम तिराहा पर इस तरह दोपहर में बादल छा गए। क्लिक टाइम: दोप. 03:05 बजे। भास्कर

## रतलाम में कब-कब किस दिन पहुंचा मानसून

| वर्ष | मानसून | वर्ष | मानसून |
|---|---|---|---|
| 2009 | 29 जून | 2015 | 13 जून |
| 2010 | 1 जुलाई | 2016 | 25 जून |
| 2011 | 23 जून | 2017 | 24 जून |
| 2012 | 21 जून | 2018 | 28 जून |
| 2013 | 7 जून | 2019 | 2 जुलाई |
| 2014 | 15 जुलाई | 2020 | 23 जून |


**मौसम वैज्ञानिक बोले - नमी से बदलेगा मौसम -** मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि मध्यप्रदेश में मानसून आ गया है। यदि सपोर्टिंग सिस्टम अच्छे रहते हैं तो 10 दिन में रतलाम पहुंच जाएगा। तब तक प्री-मानसून एक्टिविटी होने के आसार बने हुए हैं।

## जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष बना, 24 घंटे करेगा काम

बारिश में बाढ़ व अतिवृष्टि से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा में स्थापित किए नियंत्रण कक्ष का फोन नं. 07412-270416 है। इसके अलावा अधीक्षक का फोन नं. 07412 270408 भी है। वर्षा काल के दौरान घटित किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना इन नंबरों पर दी जा सकती है। भू अभिलेख के प्रभारी अधीक्षक रमेशसिंह सिसौदिया के मो. 9329308372 पर भी सूचना दे सकते हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेगा। इसके अलावा जिले के सभी तहसील में भी आपदा नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालयों में स्थापित किए हैं।

दै. भास्कर 11/6/21

# खुला शहर ... बाजारों में लौटी रौनक



रतलाम। रतलाम संपूर्ण अनलॉक किए जाने के बाद बाजार की सभी दुकानें गुरुवार से खुल गई है। जिसके बाद शहर में भीड़ को नियंत्रित करने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाने के लिए प्रशासन की टीम लगातार बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर रही है। वहीं सभी दुकानों के खुलने से बाजारों में रौनक भी लौटने लगी हैं।

**▶ शहर एसडीएम और सीएसपी ने बाजार में पैदल घूम कर की लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की**

रतलाम में एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी हेमंत चौहान ने बाजारों में पैदल घूम कर दुकानदारों और आम लोगों सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की और नियम तोड़ने वालों पर कार्यवाही की है। दरअसल रतलाम जिले में अनलॉक में राहत देते हुए आज सभी दुकानों को खोलने का निर्णय लिया गया है जिसके बाद शहर एसडीएम और सीएसपी बाजार क्षेत्रों में कोरोना गाइडलाइन का पालन करवाने के लिए पैदल निकले। जहां सराफा बाजार क्षेत्र में दुकानों पर 6 से अधिक ग्राहक पाए जाने पर दुकानदार पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही की है। वहीं बाजार क्षेत्र के नाश्ता पॉइंट पर कचोरी खाते पकड़े जाने पर चालानी कार्यवाही कर दुकानदारों को समझाइश दी है। इस दौरान बिना मास्क के घूम रहे लोगों को एसडीएम और सीएसपी ने स्पॉट फाइन कर नए मास्क पहनाकर रवाना किया। बहरहाल लंबे समय के बाद पूरी क्षमता के साथ रतलाम के बाजार खुल गए हैं,लेकिन कई जगह आम लोग और दुकानदार लापरवाही करते भी नजर आ रहे हैं, जिन पर नजर रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार बाजारों में भ्रमण कर कार्यवाही कर रही है।

## व्यापारी समय पर खुद कर रहे बंद दुकानें

प्रशासन ने कोरोना के खतरे के चलते बाजारों को खोलने के साथ ही गाईड लाइन का पालन करने की भी निर्देश दिए हैं। इसी के तहत नियमों के साथ सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बाजारों को खोलने की समय सीमा निर्धारित की गई हैं। शाम 6 बजते ही व्यापारियों द्वारा खुद ही अपने प्रतिष्ठान को बंद कर रहे हैं। साथ ही दुकान संचालन में भी नियमों को पूर्ण पालन किया जा रहा हैं।

नवभारत

नवभारत 11/6/21

## जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम. वर्षा काल में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण आमजन की सुरक्षा के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा में स्थापित किए गए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412 270 416 है। इसके अतिरिक्त अधीक्षक का दूरभाष क्रमांक 07412 270408 भी है। प्रभारी अधिकारी प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख रमेशसिंह सिसोदिया के मोबाइल नंबर 93293 08372 पर भी सूचना दी जा सकती है।

## मेडिकल कॉलेज में अब 52 मरीज भर्ती

रतलाम. शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में गुरुवार को सिर्फ 52 मरीज भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 16 मरीज डिस्चार्ज हुए, वहीं10 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर मरीज भर्ती हैं। एचडीयू में 172 में से 12 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 14 पर मरीज भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 5 बेड पर मरीज भर्ती है। कुल 52 मरीज भर्ती हैं जिनमें से 30 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं।

पत्रिका

## मेडिकल कॉलेज : अब सिर्फ 52 मरीज भर्ती

रतलाम | मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। गुरुवार को कॉलेज में सिर्फ 52 मरीज ही भर्ती थे। आईसीयू के भी 35 बेड खाली थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया गुरुवार को कॉलेज से 16 मरीज डिस्चार्ज किए गए। कॉलेज में 10 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू के 56 में से 21, एचडीयू के 172 में से 12, ऑक्सीजन बेड 180 में से 14 पर मरीज भर्ती हैं।

## 958 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बने

रतलाम | बीमारियों के उपचार में सहायता के लिए शहर के 958 हितग्राहियों के 6 दिन में आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसमें भी 203 कार्ड गुरुवार को बनाए गए। शाम को दल पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक ली। इसमें कार्ड बनाने की प्रक्रिया और अपडेट लिया गया।

दैनिकभास्कर

11/6/21

## मेडिकल कॉलेज में अब 52 पेशेंट भर्ती

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में गुरुवार को केवल 52 पेशेंट भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 16 पेशेंट डिस्चार्ज हुए वहीं 10 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 12 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 14 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 5 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 52 पेशेंट भर्ती हैं जिनमें से 30 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 498 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5933, करंट स्टाक

## मेडिकल कॉलेज में अब 52 पेशेंट भर्ती

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में गुरुवार को केवल 52 पेशेंट भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 16 पेशेंट डिस्चार्ज हुए, वहीं 10 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 12 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 14 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 5 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 52 पेशेंट भर्ती है, जिनमें से 30 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 498 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5933, करंट स्टॉक 90 रहा।

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण

# मेडिकल कॉलेज मे भर्ती मरीजों की संख्या में निरंतर कमी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के बाद अब संक्रमित मरीजों की संख्या भी निरंतर घटती जा रही है। जहां मेडिकल कॉलेज में मरीजों की भर्ती के लिए जद्दोजहद होती थी, कोविड अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने में जोर आजमाईश होती थी वह अब मरीजों की कमी के कारण पलंग खाली होते जा रहे हैं, स्थिति यह है कि मेडिकल कॉलेज में केवल 52 मरीज ही उपचारार्थ भर्ती है।

भर्ती मरीजों की जानकारी देते हुए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 16 मरीज डिस्चार्ज हुए वहीं 10 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर मरीज भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 12 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 14 पर मरीज भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 5 बेड पर मरीज भर्ती है। कुल 52 मरीज भर्ती हैं जिनमें से 30 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 498 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5933, करंट स्टाक 90 रहा। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में गुरुवार को केवल 52 मरीज भर्ती थे।

## जिले में एक्टिव संक्रमित मरीज 309

जिले में कुल पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 309 है तथा मेडिकल कॉलेज की लैब से 819 मरीजों की सैम्पल की रिपोर्ट आना शेष है। बुधवार को छः संक्रमित पाए गए, जिन्हें मिलाकर अभी तक संक्रमित मरीजों की संख्या 17 हजार 424 पहुंच गई है तथा मृत मरीजों की संख्या का आंकड़ा 308 हो गया है।

स्वदेश

**जिले में 4 प्राइवेट हॉस्पिटल में ही होगा कोविड का इलाज-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि निजी अस्पतालों द्वारा कोविड-19 के पीड़ित मरीजों का उपचार करने के संबंध में नवीन दिशा निर्देश राज्य कार्यालय द्वारा जारी किए गए हैं। इस क्रम में रतलाम जिले के केवल सीएचएल जैन दिवाकर अस्पताल रतलाम, रतलाम हॉस्पिटल, मां गायत्री हॉस्पिटल एवं पं. शिवशक्ति लाल शर्मा अस्पताल बंजली (30 बिस्तर से अधिक संख्या आधार पर) को ही कोविड के मरीजों का उपचार एवं भर्ती किए जाने के लिए मान्यता रहेगी। जिले के अन्य कोई भी प्राइवेट अस्पताल कोविड संबंधी मरीजों का उपचार एवं भर्ती किए जाने के लिए मान्य नहीं रहेंगे। उपचार करते पाए जाने की दशा में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश 11/6/21

# सफाई कार्य में लापरवाही बरते जाने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम, रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार शहर के प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा वर्षा के पूर्व नगर के समस्त नालो-नालियों की साफ-सफाई कार्य पूर्ण किये जाने के तहत किये जा रहे कार्यो का जायजा निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह के साथ प्रातः लिया साथ ही दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने सर्वप्रथम नगर निगम कार्यालय के वर्कशॉप का अवलोकन कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवर व हैल्परों की उपस्थिति चेक कर बिना सूचना के गैर हारिज कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि नगर के 100 प्रतिशत घरों से गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहण किये जाने हेतु कचरा संग्रहण वाहन समय पर वार्डो हेतु प्रस्थान करें इस कार्य में जो अधिकारी एवं कर्मचारी लापरवाही बरतेगा उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

दो बत्ती से काला घोड़ा तक निर्मित की जा रही 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि 4 लेन सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जाये ताकि सड़क के एक ओर 2 लेन का निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो उन्होने निर्देशित किया कि कार्य में तीव्रता के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने सज्जन मिल रोड क्षेत्र में किये जा रहे सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जानकारी लेकर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग 8 जून तक अनिवार्य रूप से लगायें ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है। निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 46 हाट रोड की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड प्रभारी श्री शैलेन्द्र मेहना द्वारा उपस्थित नहीं होने व देरी से आने, वार्ड में सफाई नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये।

इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो बत्ती, मौमिनपुरा सहीत अन्य क्षेत्रों की सफाई कार्य का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी दोनो शिफ्टों में सौंपे गये सफाई कार्य को पुरी ईमानदारी से पूर्ण करें। शहर में कहीं भी कचरा पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए सेवा से बर्खास्त व निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक, व्यापारी आदि पर जुर्माने की कार्यवाही की जाये साथ ही स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने के हेतु नियुक्त कर्मचारी पुरे शहर में पशु वाहन के साथ पुरे शहर में भ्रमण कर मवेशियों को पकड़ा जाये साथ ही रात्री में भी मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की जाये।

बाजार के अनलॉक होते ही बेकाबू हुई भीड़

# पोहे, कचोरी की दुकानों पर पहुंचे लोग, नियम तोड़ने वालों पर की गई कार्रवाई

पत्रिका अनलॉक 2.0

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. कोरोना संक्रमण की थमती रफ्तार के बीच गुरुवार से सब कुछ अनलॉक हो गया है। पूरे बाजार के खुलते साथ ही शहर में चारों ओर लोगों का हुजूम नजर आया। माहौल इस कदर था कि जैसे सालों से लोगों को घरों में कैद कर रखा हो और छूट मिली तो हर कोई बेकाबू हो गया। सबसे बुरा हाल आज शहर के मुख्य बाजारों के रहे जहां चारों और जाम लगता नजर आया।

इतना ही नहीं दो माह बाद जब शहर में कचौरी, पोहे, समोसे की दुकाने खुली तो यहां भी बड़ी संख्या में लोग नाश्ता खरीदने के लिए लाइन लगाकर खड़े नजर आए। शहर में लगने वाले ठेलो से लेकर बड़ी दुकानों तक हर जगह नाश्ता लेने वालों की भीड़ नजर आई। बीते 2 माह से नाश्ते से दूर शहरवासी परिवार के लिए नाश्ता लेने के लिए दुकानों पर लाइन में खड़े दिखाई दिए। भीड़ नजर आने पर पुलिस और प्रशासन द्वारा लोगों को दूर रहने की हिदायत दी गई।

कोरोना का डर गायब: अनलॉक होते ही बाजार के हुए ये हाल



स्वाद के दिवाना: तर कचौरी खाने लगी भीड़



## नौलाईपुरा में बने जाम के हालात

शहर के मुख्य बाजारों में शामिल नौलाईपुरा, नाहरपुरा सहित अन्य कुछ स्थानों पर लोगों की अधिकता के चलते बार-बार जाम के हालात बनने लगे थे जिसके चलते चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा यातायात को व्यवस्थित करने का काम करके जाम को खुलवा कर लोगों को रवाना किया गया। लोग खरीदारी के लिए एकदम से बाहर निकले जिसके चलते इस तरह के हालात बन गए थे।

## पुलिस-प्रशासन करता रहा कार्रवाई

शहर में अचानक से भीड़ के उमड़ने से स्थिति पर नजर रखने के लिए और उसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस, प्रशासन और नगर निगम का अमला गाड़ियों में घूमता नजर आया। प्रशासनिक अमले के द्वारा कुछ स्थानों पर लोगों के द्वारा नियम तोड़ने पर उनके खिलाफ कार्यवाही भी की गई, इसमें आमजन से लेकर दुकान संचालक भी शामिल रहे। शहर में लगने वाले ठेलो से लेकर बड़ी दुकानों तक हर जगह नाश्ता लेने वालों की भीड़ नजर आई। नगर में भ्रमण करने वाले दलों के द्वारा लगातार लोगों को भी समझा ही दी जा रही थी कि वह नियमों का पूरी तरह से पालन करें नहीं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दोबत्ती चौराहे से डाट की पुलिया क्षेत्र में भी सब्जी दुकानें लग जाने से भीड़ शाम के समय बढ़ रही है। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

पत्रिका

पत्रिका 4/6/21

# शहर कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधीश महोदय को सौंपा ज्ञापन

रतलाम। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने एक ज्ञापन माननीय जिलाधीश महोदय को दिया! ज्ञापन में मांग की है कांग्रेस द्वारा करोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है! उसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है! नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई! उसमें सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को लिया गया कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया! इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना वितरित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सौंप दी गई है!

वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है! गांधीनगर में सर्व सुविधा युक्त अंबेडकर भवन को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर केंद्र बनाया गया जो कि राजनीतिक लाभ पहुंचाने के हिसाब से बनाया गया! साथ ही श्री कटारिया ने रतलाम शहर को पूर्णतया खोलने की की मांग की है! ताकि शहर की व्यापारिक गतिविधियां ठीक ठाक चल सके!

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है वह जल्द से जल्द देने का आग्रह किया गया ताकि वर्षा काल के पूर्व छत का कार्य पूर्ण कर सकें। ज्ञापन देने में साथ में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव श्री रजनीकांत व्यास ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे!

11/6/21

# हरदेवलाला पीपली चौराहे पर बने नाले के चैंबर में फंसी कार



भास्कर

**रतलाम** | हरदेवलाला पीपली चौराहे से गुजर रहे नाले की पिछले दिनों निगम के कर्मचारियों ने सफाई की थी। इसके बाद सीवरेज लाइन का काम भी हुआ था। चौराहों के बीचो-बीच बने नाले की सफाई के लिए चैंबर बना गया ताकि समय-समय पर नाले की सफाई हो सके। कुछ दिनों से चैंबर के आस-पास लोहे की जाली वाले बैरिकेड रखे हुए थे। इस कारण अधिकांश चौराहे से दूसरी साइड से गुजर रहे थे। गुरुवार सुबह 10.45 बजे वहां से गुजर रही एक कार का अगला पहिया चैंबर में चला गया और कार फंस गई। तीन-चार पुलिसकर्मी व स्थानीय लोगों ने इसे निकाला।



**गड्ढों के कारण सरिये से भर लोडिंग ऑटो पलटा- मथुरी** | ग्राम करमदी में दोपहर 12 बजे रोड पर गड्ढे होने के कारण एक लोडिंग ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर को चोट नहीं आई। लोडिंग रतलाम से मुंदड़ी सरिये भर कर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गड्ढे बड़े होने के कारण ऑटो ड्राइवर वाहन पर संतुलन नहीं बना पाया और पलटी खा गया।

दै. भास्कर 11/6/21

तीसरी लहर की तैयारी...

# जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट की लाइन का काम पूरा

## दो से तीन दिन में शुरू हो सकता है प्लांट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट से सप्लाई के लिए ऑक्सीजन लाइन का काम पूरा हो गया है। टेस्टिंग शुरू हो चुकी है। दो से तीन दिन में इस प्लांट की शुरुआत भी हो सकती है।

जिला अस्पताल के नए कोविड वार्ड में ऑक्सीजन लाइन नहीं है। अब तक सिलेंडर से ही काम हो रहा था। जो बार-बार बदलना पड़ते थे। अस्पताल में 2 जून को ऑक्सीजन प्लांट लग गया। यह ऑक्सीजन प्लांट 27 मीटर क्यूब यानी 500 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन देने की क्षमता का है। प्लांट को खास तौर पर कोविड वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए लगाया गया है। इसके शुरू होने से मरीजों को बड़ा फायदा होगा। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. योगेश नीखरा ने बताया ऑक्सीजन लाइन का काम बाकी था, इसलिए प्लांट की शुरुआत नहीं हो सकी थी। अब ऑक्सीजन लाइन का काम पूरा हो गया है। इसकी टेस्टिंग शुरू कर दी है, जल्द ही प्लांट की शुरुआत हो जाएगी।

**प्लांट शुरू होने से सुविधा मिलेगी** - शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि प्लांट की टेस्टिंग हो रही है, प्लांट की जल्द शुरुआत हो जाएगी।

दै. भास्कर 11/6/21

# सफाई अमले पर आम शहरी भी रखेंगे नजर, सभी 49 वार्ड में लगाए होर्डिंग्स

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई व्यवस्था में लगे नगर निगम के कर्मचारियों पर रहवासी भी नजर रख सकेंगे। व्यवस्था में कसावट लाने के लिए नगर निगम ने सभी 49 वार्ड में तैनात कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक के नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर वाले होर्डिंग लगा दिए हैं। इससे लोगों को यह पता चल जाएगा कि वार्ड में सफाई की जिम्मेदारी किसकी है। अभी कर्मचारी मनमानी करते हुए बिना परमिशन गायब हो जाते हैं। सात दिनों से चल रही पड़ताल में ऐसे 87 से ज्यादा कर्मचारी मिले हैं। अब तक नोटिस देने की कार्रवाई की गई है।

## चार नालों और बावड़ी की सफाई की

बारिश में नाले उफने नहीं इसके लिए नगर निगम सभी नालों की सफाई करवा रहा है। गुरुवार को अलकापुरी, चौमुखी पुल, डोसीगांव व गौशाला रोड के पीछे वाले नाले की सफाई हुई। गाद निकालने के बाद कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया गया। इसके अलावा जलप्रदाय इंजीनियर सत्यप्रकाश आचार्य के निर्देशन में जिला चिकित्सालय की बावड़ी की सफाई भी करवाई गई। पांच घंटे चली सफाई में पानी की गंदगी के अलावा सीढ़ियों का कचरा भी हटाया गया।

**कलेक्टर दे चुके हिदायत** - मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम पहुंचकर खास तौर पर शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर मीटिंग ली थी। इसमें खराब व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सुधारने का टारगेट भी दिया था। उसी के तहत आयुक्त सोमनाथ झारिया ने यह व्यवस्था बनाई है। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था की माइक्रो प्लानिंग भी की जा रही है। आगामी दिनों में कुछ और परिवर्तन भी देखने को मिलेंगे।

दै. भास्कर 11/6/21